# एचबीटीयू में अब कोई भी विकसित कर सकेगा उत्पाद

**जासं, कानपुर :** हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विवि (एचबीटीयू) में शोध छात्रों के साथ ही कोई भी प्रतिभा अपनी सोच को उड़ान दे सकेगी। यहां एक अटल इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर तैयार हो चुका है, जबकि दूसरा जून तक शुरू हो जाएगा। 10 करोड़ लागत के दोनों सेंटर में युवाओं को उत्पाद विकसित करने के लिए सहायता दी जाएगी।

नए सत्र में एचबीटीयू का शोध और नवाचार पर फोकस रहेगा। अगले साल इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर में नई तकनीक विकसित करने वाले युवाओं को स्टार्टअप स्थापित करने का अवसर मिलेगा। शिक्षा, कृषि, पर्यावरण समेत सामाजिक सरोकारों से जुड़े उत्पादों को बनाने का आइडिया रखने वाले युवाओं के स्टार्टअप को इनोवेशन सेंटर में स्थापित किया जाएगा। प्रति कुलपति प्रो. मनोज शुक्ला ने बताया नई शिक्षा नीति में शोध व नवाचार को प्राथमिकता पर रखा गया है।